# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

## जगह-जगह भण्डारे आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 2 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव नगर के प्रमुख मंदिरों में धूमधाम के साथ मनाया गया। देर रात तक भजन कीर्तन व भण्डारों का आयोजन हुआ।

शहर के प्रसिद्ध मंदिर उडनू की टोरिया, परशुराम मंदिर, एकपट सरकार, गंजी के हनुमान, रामलला असनई, शंकट मोचन, गागौटिया हनुमान मंदिर, पीताम्बरा पीठ, शहर के बीचों-बीचों स्थित हनुमानगढ़ी, मोहना के हनुमान, ज्योति मंदिर आदि मंदिरों पर सुबह 4 बजे से भक्तों का आना शुरू हुआ। ठीक 5 बजे गोला आतिशबाजी व बैण्डबाजों के साथ अंजनी पुत्र श्री हनुमान जी का जन्म हुआ। पवन पुत्र हनुमान के जन्म होते ही लोगों ने जयकारें लगाये इसके बाद आरती हुई। भीड़ इतनी थी कि दर्शन करना मुसकिल हो रहा था। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। दोपहर 3 बजे से सभी मंदिरों में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। वहीं उडनू की टोरिया पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें टोरिया पर हनुमान जी का श्रंगार, प्रसादी लगाकर, फ्टाके चलाकर बड़े धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। सभी उपस्थित भक्तजनों प्रसादी बाँटी गयी। जिसमें मंदिरो में जन्मोत्सव पर आरती की व भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया।


हनुमान जयंती पर असनई रामलला एवं परशुराम मंदिर।

### 325 से अधिक खड़ी सीढ़ियों पर चढ़कर पहुंचे भक्तगण



आस्था, श्रद्धा, विश्वास धर्म की यही सीढ़िया है गुरूवार को हनुमान जयंती पर धर्म की इन्ही सीढ़ियों के सहारे हनुमान भक्त शहर की सबसे ऊंची उड़नू की टोरिया हनुमान मंदिर पर चिलचिलाती धूप और गर्मी होने के बाद भी पहुंचे खास बात यह है कि इस मंदिर पर पहुंचने के लिए पहाड़ों से होकर जाना पढ़ता है। इसके बाद 325 से खड़ी सीढ़िया है फि्र भी यहां काफी संख्या में भक्तगण पहुचते है। मंदिर के पुजारी रामप्रकाश दुबे ने बताया कि यह हजारो वर्ष पुराना मंदिर है और सिद्ध स्थान है। इस पहाड़ी पर भगवान शंकर जी का भी प्राचीन मंदिर है उन्होंने बताया कि जीवन में कोई संकट न आए तो हनुमान जी के शरण में जाएँ। वे हर शंकट का नाश करने वाले है।

### हनुमान जयंती पर कलेक्टर ने किया कन्या पूजन



हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और धूमधाम से हनुमान जयंती महोत्सव मनाया गया।दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े असनई स्थित रामलला मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान हनुमान जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद कलेक्टर ने कन्या पूजन कर स्वयं कन्याओं को भोजन परोसा और उनका आशीर्वाद लिया।इसके बाद उन्होने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भंडारा प्रसादी भी ग्रहण की, जिससे आयोजन में सादगी और जनसामान्य से जुड़ाव का संदेश मिला।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री कृष्ण प्रकाश लिटोरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में पूरे दिन भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण का सिलसिला चलता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# साधु-संतों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 2 अप्रैल।** जिले की पावन भूमि पर भांडेर हाईवे मार्ग पर स्थित पंडोखर सरकार धाम पर महाराज गुरुशरण के सानिध्य में आयोजित श्रीराम महायज्ञ हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार से शुरू हो गया है । समारोह का शुभारम्भ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ यात्रा में पंडोखर सरकार के महंत गुरुशरण महाराज तथा बड़ी संख्या में अनेक संत महात्मा, विद्वानों सहित बड़ी संख्या में देश के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं और बुर्जुगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

कलश यात्रा के दौरान पूरा पंडोखर धाम जयकारों और भक्ति गीतों के भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया कलश यात्रा सांयकाल 4 बजे मंदिर परिसर से प्रारम्भ हुई जो पंडोखर धाम के निकट पुस्पावती नदी के तट पर पहुंची जहां पंडोखर धाम के विद्वान आचार्यो द्वारा विधि विधानपूर्वक पूजन कर पुस्पावती नदी के जल भरा गया इसके बाद महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण किए कलश यात्रा के दौरान ही पवित्र पुष्पावती नदी के तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन भी किया गया तथा काशी व प्रयागराज के विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक गंगा आरती की गई कलश यात्रा समूचे पंडोखर धाम का भ्रमण कर यज्ञ प्रक्षेत्र पहुंची



यात्रा के समापन पर सभी कलशों को निर्धारित स्थल पर विधि पूर्वक स्थापित किया गया । पंडोखर धाम में निकाली गई विशाल कलश यात्रा के दौरान बग्गी डीजे और ढोल नगाड़ों की गूंज से पंडोखर धाम व आस पास क्षेत्र के ग्रामों में वातावरण भक्तिमय बन गया। वही इस दौरान पंडोखर धाम के विभिन्न मार्गो से गुजर रही कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह - जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया

इस बार श्रीराम महायज्ञ की मंगल कलश यात्रा विशेष आकषणों से भरपूर इसके साथ ही बुंदेलखंड की प्रसिद्ध सोवत भक्ति एवं राई लोकगीतों पर नृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई मुख्य यजमानत्व श्री गुरुशरण महाराज तथा उनके अनुज रामजी सरकार, मुकेश गुप्ता, पंडित उमाशंकर शास्त्री, सोनू शर्मा बिंदु शर्मा, राजू खरे, बल्लू महाराज प्रताप पुरी महाराज अजेन्द्र गौर विपिन विरथरे, शिशिर खरे मयंक गुप्ता पंकज त्रिपाठी अशोक शुक्ला आदि थे जवावी कीर्तन हुए कलश यात्रा समापन के बाद रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक मंच पर पहले दिन जवावी कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें बुंदेल खंड के प्रसिद्ध जवावी कीर्तन कलाकार छतरपुर की नीलम विश्वकर्मा तथा उरई के अजय - विजय के बीच रोचक मुकावला हुआ। कार्यक्रम का संचालन दिलीप राजावत ने किया जवावी कीर्तन सुनने बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सेवढ़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# दो माह पूर्व सूने घर में हुई चोरी का खुलासा

### लायसेंसी बंदूक सहित पूरा माल बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 2 अप्रैल।** थाना सेवढ़ा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफ्लता हासिल करते हुए दो माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है।थाना प्रभारी सेवढ़ा निरीक्षक सुनील बनौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी गए सामान सहित कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।घटना का विवरण देते हुये श्री बनौरिया ने बताया 16.जनवरी .2026 को फरियादी प्रेम सिंह यादव (उम्र 65 वर्ष), निवासी बेरछा रोड सेवढ़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा एक लायसेंसी बंदूक दो गैस सिलेंडर एक एलईडी/एलसीडी टीवी चांदी के आभूषण तोड़िया, बिछिया चोरी कर लिए गए हैं।प्रकरण में थाना सेवढ़ा में अपराध क्र. 06/2026 धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



कार्यवाही एवं खुलासा विवेचना के दौरान थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के चोरी के मामलों में हाल ही में दतिया जेल में निरुद्ध आरोपियों पर संदेह होने पर उन्हें माननीय न्यायालय सेवढ़ा से पुलिस रिमांड पर लिया गया।रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 16.जनवरी .2026 को बेरछा रोड सेवढ़ा क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।आरोपियों के मेमो के आधार पर उनके कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण माल, जिसमें फरियादी की लायसेंसी बंदूक भी शामिल है, बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपीगण- प्रदीप राठौर (उम्र 38 वर्ष)निवासी ग्राम हरनाथ का पुरा, थाना देहात, जिला भिण्ड (म.प्र.)अनूप राठौर (उम्र 20 वर्ष)निवासी दृ ग्राम मछण्ड, थाना रौन, जिला भिण्ड (म.प्र.)आकाश उर्फजितेन्द्र राठौर (उम्र 26 वर्ष)निवासी दृ ग्राम मछण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र.)बलदाऊ यादव (उम्र 20 वर्ष)निवासी दृ ग्राम रुबाहा, थाना भगुआपुरा, जिला दतिया (म.प्र.)सोनू उर्फकन्हई शाक्य (उम्र 28 वर्ष) निवासी दृ बीटीआई स्कूल के पास, शिवहरे का पुरा, थाना देहात, जिला भिण्ड (म.प्र.)थाना सेवढ़ा पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी विवेचना के चलते गंभीर चोरी की घटना का सफ्लतापूर्वक खुलासा कर चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद किया गया, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

## किताबों का खेल, प्रशासन की छापेमारी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 2 अप्रैल।** शहर में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर महंगी किताबें खरीदने का दबाव बनाए जाने की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। बुधवार को अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे के नेतृत्व में एसडीएम, संतोष तिवारी तहसीलदार और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख बुक डिपो पर छापेमार कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान टीम ने सरवरिया बुक डिपो और कब्जू बुक सेंटर सहित कई दुकानों पर पहुंचकर किताबों के दाम, स्टॉक और बिक्री प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। प्रशासन ने यह भी देखा कि कहीं स्कूलों द्वारा किसी विशेष दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए दबाव तो नहीं बनाया जा रहा।अभिभावकों का आरोप है कि कुछ निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं और निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

हालांकि छापेमारी के दौरान मौके पर कोई स्पष्ट अनियमितता सामने नहीं आई, जिसके चलते तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन ने पूरे मामले को आगे की जांच के लिए शिक्षा विभाग को सौंप दिया है।अब नजर इस बात पर टिकी है कि शिक्षा विभाग इस शिकायत पर कितना सख्त रुख अपनाता है और क्या अभिभावकों को इस समस्या से राहत मिल पाती है या नहीं।

## आधा घण्टे लड़ते रहे पहलवान, बराबरी पर छूटा मुकाबला

उनाव प्रतिनिधि। पहलवानों के दंगल के लिए विख्यात बलखण्डी मेला सिमिरिया में कल बुधवार की शाम पहलवानों का जमावड़ा लगा रहा।तीन दर्जन से अधिक पहलवानों के बीच रोमांचक कुश्ती प्रतियोगिता हुई।अंतिम दौर में घास मंडी ग्वालियर के पहलवान जीतू यादव व लहर गिर्द झांसी के पहलवान शिवम यादव के बीच आधा घण्टे तक दावपेंच चले।कोई नतीजा न निकलते देख आयोजक मण्डल के रेफ्री चन्द्रप्रकाश राय व कोमेंटर संदीप राणा ने दोनों पहलवानों को बराबरी का दर्जा देकर पचास पचास हजार के नकद पुरस्कार से पुरष्कृत किया।

इस अवसर पर आयोजक मण्डल के संयोजक बीरन यादव सदस्य पूर्व सरपंच रामजी शरण यादव, सुनील यादव, महेश नेता,सोनू यादव, अर्पित यादव, मोहित यादव,चंदन यादव, परशुराम कुशवाहा, जानकी कुशवाहा दांगी, ।कुश्ती का आनंद उठाने के लिए देर रात तक दर्शक भी दंगल में जुटे रहे।



# भाजपा सरकार किसानों के हित में नहीं सोचती : कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 2 अप्रैल।** मुख्यालय पर बुधवार को जिला किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत में मुख्यमंत्री मंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों को लेकर सेवढ़ा एस डी एम अशोक अवस्थी को सौंपा ज्ञापन बही कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा सरकारी गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने का क्या कारण है गेहूं का 50: हिस्सा काटकर तैयार होने के बावजूद किसानों को सरकारी खरीदी की तारीख का इंतजार करना पड़ रहा है सरकार गेहूं खरीदती है तो किसानों का गेहूं सस्ते दाम पर खरीदा जाएगा।

जैसा कि धान खरीदी के समय हुआ था यह सरकार किसानों के हित में नहीं सोचतीएबल्कि गरीब किसानों के साथ झूठ खेल खेला जा रहा साथ ही गरीब मजदूर किसानों का खून चूसने का काम करती है मुख्य मांगों में गेहूं का समर्थन मूल्य ?4000प्रति क्विंटल करनेएऋण वसूली पर रोकए ओलावृष्टि का मुआवजा और बिजली बिल में राहत शामिल है।मुख्य बिंदु और माँगें मूल्य वृद्धि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल करने की मांग की गई है।ऋण में राहतरू सहकारी समितियों द्वारा सोसायटी ऋण वसूली की तारीख बढ़ाने ;31 मई तकद्ध और ब्याज माफी की मांग की गई है।मुआवजारू ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा देने की मांग।खरीदी प्रक्रिया ई.टोकन प्रणाली बंद करने और गेहूं.चना खरीदी केंद्र सुलभ बनाने की मांग।अन्य माँगेंरू डीजल और खाद की सुलभ उपलब्धता तथा शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ सुनिश्चित करना।किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईए तो आंदोलन तेज किया जाएगा और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदाए देवेन्द्र यादव किसान कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल सिंह यादव, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, जसवंत बघेलएरिंकू यादव मेहरावान सिंह बघेल, रामेश्वर रावत, शिवाजी गुर्जर, सचिन यादव, रामपाल सिंह आदि उपस्थित रहे!



## इंतजार खत्म, जल्द बनेगा 5 करोड़ 10 लाख की लागत से खेल स्टेडियम : अग्रवाल

**इंदरगढ़ सेंवढा** विधायक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त 15 करोड़ राशि में से 5 करोड़ का लागत का स्टेडियम स्वीकृत किया था जो तकनीकी स्वीकृतियों के चक्कर में अभी तक पेंडिंग था मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश भोपाल से सेंवढा जिला दतिया में मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु स्थाई वित्तीय समिति द्वारा 5 करोड़ 10 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति से बहु प्रतीक्षित इन्डोर स्टेडियम का इंतजार खत्म हुआए अब जल्द ही इसके टेंडर होंगे सेवड़ा नगर में बाईपास पर आवंटित भूमि पर यह सुंदर स्टेडियम जल्द ही नगर के युवाओं को समर्पित होगाए इस स्टेडियम में आउटसोर्स पर कर्मचारी भी नियुक्त किए जाएंगे अर्थात स्टेडियम से युवाओं को खेलने की सुविधा होगी साथ ही रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। स्टेडियम की स्वीकृति पर विधायक प्रदीप अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का आभार व्यक्त किया है।

**सेंवढा विधायक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री द्वारा दी गई निधि से अपनी विधानसभा में एक करोड़ तीस लाख के किये विकास कार्य स्वीकृत**

इंदरगढ़ सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से अपनी विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद सेंवढा में नगर के चारों ओर 10.10 लाख लागत के प्रवेश द्वार कुल लागत 40 लाख एवं सनकुआ के घाटों का निर्माण लागत 40 लाख कुल 80 लाख के विकास कार्य नगर परिषद सेंवढा में मॉनिट ए के अंतर्गत स्वीकृत करा कर सनकुआ मेले में उनके द्वारा मंच से की गई घोषणा को पूरा किया । इसी प्रकार नगर परिषद इंदरगढ में अध्यक्ष एवं पार्षदों की मांग पर नगर इंदरगढ़ में स्टेट बैंक के पास से दाल मिल रोड तक 500 मी सीसी रोड लागत 20 लाख रुपए एवं दतिया सेवड़ा रोड से शीतला पैट्रोल पंप के सामने से सैनपुरा रोड तक ग्रेवल रोड ढाई किलोमीटर लागत 30 लाख रुपएए एकत्र 50 लाख रुपए इंदरगढ़ नगर के विकास हेतु विधायक श्री अग्रवाल ने स्वीकृत कराये। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, निकाह 20 को

**दतिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का सम्मेलन 20 अप्रैल को नगर पालिका परिषद दतिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गरीब कन्या अपना आवेदन दस्तावेज सहित 9 अप्रैल तक कार्यालय में जमा कर सकती है।

# जिले के सभी बूथ केन्द्रों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 2 अप्रैल।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला बैठक का आयोजन किया गया बैठक आगामी समय में भाजपा स्थापना दिवस सहित पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिए गए कार्यों की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई थी बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा के द्वारा की गई बैठक में मंच पर पूर्व जिला अध्यक्ष राधाकांत अग्रवाल पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ रामजी खरे पूर्व बैंक अध्यक्ष प्रमोद पुजारी पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रम बुंदेला जिला पंचायत सदस्य जीतू कमरिया मौजूद रहे बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के द्वारा किया गया।




बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारीओ एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल नें कहा प्रदेश नेतृत्व के द्वारा 5 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक भाजपा स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत 5,6 और 7 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय मंडल कार्यालय और पार्टी के जन्प्रतिनिधियों द्वारा खोले गए कार्यालयो पर सजा सज्जा लाइटिंग रंगोली पुष्पमाला दीपमाला इत्यादि की तैयारी करना है इसके पश्चात 6 अप्रैल भाजपा जिला कार्यालय सहित जिले के सभी मंडलो के बूथ केन्द्रो पर एवं जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों पर पार्टी का ध्वजारोहण करना उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करना 6 अप्रैल को भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने घरों पर पार्टी का ध्वजारोहण करना है और सेल्फी लेकर फेसबुक इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर डालना है इसके पश्चात 8 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल के बीच सक्रिय सदस्य जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिला कार्यालय पर होना है 7 अप्रैल से गांव चलो बस्ती चलो अभियान प्रारंभ होगा जो कि 12 अप्रैल तक चलेगा जिसमें क्षेत्रीय सांसद मंत्री विधायक पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला पंचायत जनपद पंचायत नगर पालिका नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सभी सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधियों को दतिया जिले की तीनों विधानसभाओ के 50 50 ग्रामों में जाना है और जनसंपर्क करना है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता उपाध्यक्ष भज्जू राय जिला मंत्री प्रवीण पाठक ,मंडल अध्यक्ष पुनीत टिलवानी , अध्यक्ष दिनेश शर्मा मंडल अध्यक्ष रूपेश पंसारी ,श्रीमती कुमकुम रावत श्रीमती मीनाक्षी कटारे ,क्रांति राय, सहित बैठक में भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## घरेलू गैस सिलेण्ड़र की अवैध रिफलिंग करते 4 सिलेण्डर एवं 3 रिफलिंग की मशीनें जब्त

**दतिया, 2 अप्रैल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग भाण्ड़ेर के मार्गदर्शन में गेंदालाल भारती नायब तहसीलदार भाण्ड़ेर एवं पंकज करौरिया कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भाण्ड़ेर द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए 4 पेट्रोल पंप एवं घरेलू गैस सिलण्ड़ेर की अवैध रिफलिंग की जांच की। जिसमें भाण्ड़ेर स्थित पेट्रोल पंपों पर जन सामान्य हेतु पर्याप्त डीजल पेट्रोल का स्टॉक पाया गया। इस दौरान श्री आरिफमंसूरी घरेलू गैस सिलेण्ड़र की अवैध रिफलिंग करते हुए पाये जाने पर संबंधित से धामन की बगिया से 4 घरेलू गैस सिलण्ड़ेर एवं 3 रिफलिंग की मशीनें जप्त की गई और संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई।

## गोली चलाने वाला आरोपी 9 घंटे में गिरफ्तार

**दतिया, 2 अप्रैल।** गुरुवार को फरियादी भारत सोनी पुत्र रामस्वरूप सोनी निवासी भेड़पुरा भांडेर रोड दतिया ने घायल अवस्था में आईसीयू वार्ड इंडस हॉस्पिटल ग्वालियर में आरोपी कल्ली वंशकार निवासी भेड़पुरा के विरुद्ध जान से मारने की नीयत से गोली मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर से थाना सिविल लाइन द्वारा हत्या के प्रयास की धारा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।थाना प्रभारी वैभव गुपता ने बताया आरोपी की पतरासी की गई पतारसी के दौराने पतारसी प्रकरण के आरोपी कल्ली वंशकार पुत्र रामस्वरूप वंशकार निवासी भेड़पुरा अटल विहार कॉलोनी दतिया को महज 9 घंटे के अंदर करन सागर के पीछे से गिरफ्तार किया गया।आरोपी से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा एवं एक चले हुए राउंड का खोखा भी जब्त किया।



## शा . हाईस्कूल भलका में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

**इन्दरगढ़, 2 अप्रैल।** ग्राम पंचायत भलका भांडेर के शा हाई स्कूल में आज बड़ी धूमधाम से प्रवेश उत्सव दिवस समारोह मनाया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र के तहत स्कूल चलें हम अभियान के तहत बड़ी धूमधाम से मनाया गया है इसमें गण मान्य नागरिक सरपंच प्रतिनिधि पत्रकार बंधु विद्यार्थियो एवं पालकों ने भाग लिया जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया बिधाथियो को निशुल्क किताबें बांटीं गयी तमाम सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि श्री शत्रुघ्न सिंह जाट एवं प्राचार्य महोदय भगवान दास यादव जी ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में सभी शिक्षक गण भगवान दास यादव प्राचार्य श्री राम सिंह जाटव श्री उपेन्द्र सिंह जाट श्री लक्ष्मी नारायण शाक्य श्री परसराम केवट अनिल हिंडोली श्री मंजुल सिंह धाकड श्री खुशबू जादोन श्री रामकुमार प्रजापति श्री मुरारी लाल चौबे श्री कल्ली जाट श्री बलबीर सिंह राणा पत्रकार एवं मुख्य अतिथि श्री शत्रुघ्न सिंह जाट भलका रहे।

## माता मंदिर पर प्याऊ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उनाव, 2 अप्रैल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड , दतिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजापुर द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज राजापुर मे नवांकुर संस्था उनाव नेहरु युवा मंडल / गाम विकास प्रस्फुटन द्वारा प्याऊ का पूजन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्याऊ का पूजन कर प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य होता है एवं पशु पक्षियों को दाना पानी, जलासयो को साफ सुथरा रख जल संरक्षित करना, बोरी बंधान, कर पानी को बचाना पर्यावरण को हरा भरा बनाये महिलाओं ने वृक्ष पूजन कर अभियान की शुरुआत की कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्थ प्रभारी राजीव पटेल ने किया।



## बीजेपी सरकार में सुरक्षित नहीं हैं बेटियां : दादौरिया

**दतिया, 2 अप्रैल।** दतिया के कांग्रेस कार्यालय में महिला जिला उपाध्यक्ष जामिंत्री जाटव (दादौरिया) ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार अपराध रोकने के मामले में पूरी तरह से फेल हो चुकी है न केवल म.प्र. में बल्कि पूरे देश में जगह-जगह महिलाओं से बलात्कार की घटनायें हो रही हैं लेकिन फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। क्योंकि ज्यादातर घटनाओं में बीजेपी के कार्यकर्ताओं के नाम शामिल होते हैं यह बीजेपी सरकार उनको बचाने का कार्य करती है। यह कहते तो हैं कि बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ। लेकिन बेटियों का सम्मान नहीं करते हैं।बेटियों पर हो रहे बलात्कार की घटनाओं को रोकने का काम नहीं करते हैं। बैठक में जिला संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर, शारदा वंशकार, ऊषा देवी, प्रीति जाटव, महादेवी, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।